हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 नवजात बेटियों को भेंट किए चांदी के दुर्गा लॉकेट..



07 श्री रामलीला मंचन में विधायक ने किया...



अनुभूति गरबा के एंट्री पास की बढ़ी मांग
एक-दो दिन में समाप्त होने की संभावना
शुभारंभ से पूर्व होगा भव्य सुंदरकांड पाठ

ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पास खरीदने भी पहुंच रहे सैकड़ों गरबा प्रेमी

माँ दुर्गा की आराधना और हनुमानजी की भक्ति के साथ होगा उत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ आदिशक्ति की आराधना, भक्ति और गरबा की उमंग से सराबोर होने जा रहे हरिभूमि अनुभूति गरबा सीजन-5 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस वर्ष आयोजन की शुरुआत धार्मिक वातावरण में करने की विशेष तैयारी की गई है।

गरबा महोत्सव के प्रारंभ होने की पूर्व संध्या पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। हनुमानजी की भक्ति, संगीतमय चौपाइयों और प्रभु श्रीराम के गुणगान के बीच होने वाला यह धार्मिक आयोजन अनुभूति गरबा के उत्सवी माहौल को आध्यात्मिक रंग प्रदान करेगा। आयोजन के माध्यम से नवरात्रि के उल्लास के साथ भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और धार्मिक आस्था का संदेश भी दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर आयोजक समूह के अनुसार, एंट्री पास की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए उपलब्ध पास एक-दो दिन में समाप्त होने की संभावना है।

इसलिए गरबा में शामिल होने की योजना बना रहे लोग ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से समय रहते अपने एंट्री पास प्राप्त कर सकते हैं। 14, 15 और 16 अक्टूबर को इस तीन दिवसीय आयोजन में पहली बार शहर के गरबा मंच पर दो चर्चित कलाकारों की मौजूदगी आकर्षण का केंद्र रहेगी। 15 अक्टूबर को फिल्म 'हनुमान अंश' में राधेश्याम का किरदार निभाने वाले कलाकार गौतम त्रिपाठी गरबा आयोजन में शामिल होंगे। वहीं, 16 अक्टूबर को लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी के किरदार से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी।

ऑनलाइन और ऑफलाइन एंट्री पास की मांग तेजी से बढ़ी

इधर, हरिभूमि अनुभूति गरबा के ऑनलाइन और ऑफलाइन एंट्री पास की मांग तेजी से बढ़ रही है। गरबा में शामिल होने के लिए शहर के युवाओं, युवतियों और गरबा प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थिति यह है कि दिनभर में सैकड़ों युवक-युवतियां और गरबा प्रेमी एंट्री पास खरीदने के लिए हरिभूमि कार्यालय पहुंच रहे हैं। ऑनलाइन माध्यम से भी पास की बुकिंग जारी है। लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि अगले एक-दो दिनों में ही उपलब्ध एंट्री पास समाप्त हो सकते हैं। ऐसे में गरबा में शामिल होने के इच्छुक लोगों के लिए समय रहते पास प्राप्त करना जरूरी हो गया है।

ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों माध्यमों से मिल रहे पास

हरिभूमि अनुभूति गरबा के प्रति लोगों की बढ़ती दिलचस्पी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बड़ी संख्या में लोग स्वयं हरिभूमि कार्यालय पहुंचकर एंट्री पास खरीद रहे हैं। वहीं, ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। आयोजन समिति की ओर से गरबा प्रेमियों की सुविधा के लिए दोनों माध्यमों से पास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बढ़ती मांग और लगातार हो रही बुकिंग के चलते उपलब्ध पास जल्द समाप्त होने की संभावना है। ऐसे में अंतिम समय की प्रतीक्षा करने के बजाय पहले ही एंट्री पास प्राप्त करने की सलाह दी जा रही है।





14 से 16 तक सजेगा गरबा का उत्सव

हरिभूमि समाचार पत्र समूह, नर्मदापुरम की ओर से आयोजित अनुभूति गरबा सीजन-5 का आयोजन 14, 15 और 16 अक्टूबर को इटारसी स्थित द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में होगा। तीन दिवसीय आयोजन में गरबा प्रेमियों को भक्ति, संगीत, पारंपरिक नृत्य और उत्सव का विशेष अनुभव मिलेगा। आयोजन को व्यवस्थित और भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर होने वाला यह महोत्सव धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास को एक मंच पर लाने की दिशा में खास पहल है।

सुंदरकांड पाठ से होगा धार्मिक वातावरण में आगाज

नवरात्रि में माँ दुर्गा की आराधना के साथ हनुमानजी की भक्ति का विशेष महत्व है। इसी भाव को केंद्र में रखते हुए हरिभूमि अनुभूति गरबा के शुभारंभ से पहले सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाएगा। सुंदरकांड की चौपाइयों और श्रीराम नाम के संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय होगा। आयोजन की यह पहल गरबा महोत्सव को केवल नृत्य और मनोरंजन तक सीमित न रखते हुए उसे धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ती है। माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा और हनुमानजी की भक्ति के साथ उत्सव का स्वागत करने की तैयारी की जा रही है।

शहर के विभिन्न वर्गों की भागीदारी आयोजन की प्रमुख उपलब्धि

इस आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि आयोजन समिति में इटारसी के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग शामिल हैं। सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। आयोजन की तैयारियों में अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी इसे सामूहिक प्रयास का स्वरूप दे रही है। समिति का उद्देश्य गरबा प्रेमियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और आधुनिक आयोजन व्यवस्था का बेहतर समन्वय देखने को मिले।

'एक सराहनीय प्रयास है'



राजेंद्र मालवीय, अंतर्राष्ट्रीय हास्य-व्यंग्य कवि

हरिभूमि समाचार पत्र समूह द्वारा आयोजित अनुभूति गरबा सीजन-5 के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। यह आयोजन इटारसी की सांस्कृतिक परंपराओं को समृद्ध करने के साथ ही लोगों को भक्ति और उत्साह के साथ जोड़ने का सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। माँ दुर्गा की कृपा से आयोजन नई ऊंचाइयां प्राप्त करे।

'एक सांस्कृतिक आयोजन'



मयूर जायसवाल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं समाजसेवी

हरिभूमि अनुभूति गरबा इटारसी का एक प्रमुख सांस्कृतिक आयोजन बन चुका है। ऐसे आयोजन शहर की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। नवरात्रि के अवसर पर लोगों को एक मंच पर लाने की यह पहल सराहनीय है। मां दुर्गा इस आयोजन को सफल और यादगार बनाए इसी कामना के साथ आयोजन समिति को भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

'उत्सव मनाने का है अवसर'



मनोज भदौरिया, कालोनाइजर एवं समाजसेवी

हरिभूमि अनुभूति गरबा सीजन-5 के आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई। गरबा हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन परिवारों को एक साथ उत्सव मनाने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। माँ दुर्गा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें ऐसी कामना है और आयोजन सफलता के नए आयाम स्थापित करे।

'सहभागिता का सुंदर संगम'



पंकज अग्रवाल, व्यवसायी एवं समाजसेवी

हरिभूमि अनुभूति गरबा इटारसी में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक सहभागिता का सुंदर संगम है। आयोजन के माध्यम से शहरवासियों को उत्साह और उमंग के साथ नवरात्रि मनाने का अवसर मिलेगा। इस तरह के कार्यक्रम शहर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत बनाते हैं। इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

'भक्ति और उल्लास का प्रतीक'



संजीव दीपू अग्रवाल, व्यवसायी एवं समाजसेवी

नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और उल्लास का प्रतीक है। हरिभूमि अनुभूति गरबा सीजन-5 इस पर्व की खुशियों को और खास बनाएगा। गरबा के माध्यम से हमारी परंपराएं और धार्मिक संस्कार समाज में जीवंत रहते हैं। हरिभूमि परिवार एवं आयोजन समिति को इस आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई। माँ दुर्गा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें।

'आयोजन का विशेष स्थान है'



अभी बैस, युवा व्यवसायी एवं समाजसेवी

हरिभूमि अनुभूति गरबा सीजन-5 इटारसी के सांस्कृतिक आयोजनों में एक विशेष स्थान रखता है। ऐसे कार्यक्रम हमारी परंपराओं को जीवंत रखने और नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शहर के लोगों को एक साथ उत्सव मनाने का अवसर देना इस आयोजन की खासियत है। आयोजन की सफलता के लिए पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

'आयोजन की शुभकामनाएं'



वैष्णो भदौरिया, समाजसेविका

नवरात्रि माँ दुर्गा की आराधना और नारी शक्ति के सम्मान का पर्व है। हरिभूमि अनुभूति गरबा के माध्यम से शहर की महिलाएं, युवा और परिवार भक्ति एवं उत्साह के साथ इस पर्व का आनंद लेंगे। ऐसे आयोजन महिलाओं और युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने का सुंदर अवसर प्रदान करते हैं। आयोजन समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। माँ दुर्गा सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

'सांस्कृतिक विरासत है गरबा'



अर्चना मालवीय, समाजसेविका

हरिभूमि अनुभूति गरबा हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को उत्सव के रूप में प्रस्तुत करने का एक अच्छा प्रयास है। इस आयोजन से शहर में नवरात्रि का उल्लास और बढ़ेगा तथा लोगों को एक साथ मिलकर पर्व मनाने का अवसर मिलेगा। हमारी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने वाले ऐसे प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए। हरिभूमि परिवार को सफल आयोजन की शुभकामनाएं।

'परंपरा को आगे बढ़ाने वाला'



नितिन व्यास, युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी

भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हरिभूमि अनुभूति गरबा सीजन-5 इसी परंपरा को आगे बढ़ाने वाला आयोजन है। ऐसे कार्यक्रम समाज में धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक गौरव की भावना को मजबूत करते हैं। माँ दुर्गा की कृपा से यह कार्यक्रम सफल हो और शहर में सुख-समृद्धि बनी रहे। आयोजन समिति को हार्दिक शुभकामनाएं।

'यादगार रहेगा यह आयोजन'



शिवम चौहान, युवा व्यवसायी

हरिभूमि अनुभूति गरबा सीजन-5 को लेकर इटारसी के गरबा प्रेमियों में उत्साह है। भव्य व्यवस्थाओं और सांस्कृतिक माहौल के साथ आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम नवरात्रि के उत्सव को यादगार बनाएगा। गरबा संगीत, भक्ति और उमंग के साथ लोगों को जोड़ने का एक शानदार माध्यम है। हरिभूमि की पूरी टीम को इस आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं।

नर्मदांचल में नवरात्र हुए आरंभ, जगह-जगह सजे पंडाल

श्री बूढ़ी माता मंदिर में 375 अखंड ज्योतियां प्रज्वलित, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रविवार से जिले भर में नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हो गए हैं। इस दौरान मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मालवीयगंज स्थित प्राचीन श्री बूढ़ी माता मंदिर शक्तिधाम में विधि-विधान के साथ 375 अखंड ज्योतियों की स्थापना की गई। मंगलवार को शाम 5 बजे मंदिर परिसर में बनाए गए विशेष कक्ष में अखंड ज्योतियां प्रज्वलित की गईं। नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही मंदिर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया और श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति के सचिव जगदीश मालवीय ने बताया कि मंदिर में प्रतिवर्ष नवरात्र के दौरान अखंड ज्योतियों की स्थापना की जाती है। पूर्व वर्षों में 351 अखंड ज्योतियां स्थापित की जाती थीं, लेकिन इस वर्ष इनकी संख्या बढ़ाकर 375 कर दी गई है।



जगह-जगह हुई प्रतिमाओं की स्थापना

शहर के विभिन्न स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। शहर के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से जल चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया। साथ ही देवी मंदिरो में विभिन्न आयोजन भी शुरू कर दिये गये हैं। नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन को लेकर विभिन्न तैयारियां की जा चुकी है। साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर गरबा आदि के भी आयोजन किये जाएंगे। दूसरी ओर देवी धाम सलकनपुर भी लोगों को हुजूम निकलने लगा है जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहा है। पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा देवी धाम जाने वाले भक्तों के लिए व्यवस्थाएं बनाई जा रही है। विदित हो कि जिले भर में आने वाले नौद दिनों तक उत्सव जारी रहेंगे। साथ ही धार्मिक आयोजनों का भी किए जाएंगे।

नौ दिनों तक मिलेगा फलाहारी प्रसाद

नवरात्र के दौरान श्री बूढ़ी माता मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन सुबह और शाम की आरती के बाद श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यह व्यवस्था पूरे नौ दिनों तक जारी रहेगी। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सहभागिता से प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। समिति के अनुसार, जो श्रद्धालु फलाहारी प्रसाद वितरण में सहयोग करना चाहते हैं, वे मंदिर के पुजारी अथवा कार्यालय में संपर्क कर रसीद कटवाकर दानराशि जमा कर सकते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों और माता की आराधना का क्रम जारी रहेगा।

थाना प्रभारी ने त्योहारों के मद्देनजर डी.जे. संचालकों के साथ की बैठक



माखन नगर। रविवार को थाना परिसर माखन नगर में थाना प्रभारी द्वारा आगामी नवदुर्गा उत्सव एवं गरबा महोत्सव को लेकर क्षेत्र के डी.जे. संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में शासन की ध्वनि विस्तारक गाइडलाइन संबंधी नोटिस देकर नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। जिसमें किसी भी आयोजन में ध्वनि विस्तारण यंत्र बजाने से पूर्व एसडीएम नर्मदापुरम से विधिवत अनुमति लेना जरूरी होगा। धीमी आवाज (स्लो साउंड) में ही साउंड बजाएं एवं निर्धारित समय-सीमा का पूर्ण पालन करें। अस्पताल, स्कूल, वृद्धाश्रम व शासकीय संस्थाओं के समीप शासन के नियमों का विशेष ध्यान रखा जाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित डी.जे. संचालक के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जुआ फड़ पर पुलिस ने की कार्रवाई, दिए गए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम और सीहोर जिले की सीमा पर नर्मदा किनारे चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। माखननगर और शाहगंज थाने की टीम सुबह-सुबह मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई।

कुछ लोग नाव में बैठकर भागे, जबकि कुछ ने नदी में उतरकर दूसरी ओर जाने की कोशिश की। बाद में सभी एक नाव से नदी पार कर फरार हो गए। नदी के तेज बहाव और खतरनाक रास्ते को देखते हुए पुलिस ने उनका पीछा नहीं किया। टीम ने मौके से नाव और ताश की गड्डी जब्त की। जुए के अड्डे पर लगा टेंट और दरी भी जला दी गई।

नर्मदापुरम एसपी सांई कृष्णा एस थोटा ने बताया कि नर्मदा किनारे जुआ फड़ चलने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद सीहोर एसपी से संपर्क कर संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह के नेतृत्व में माखननगर थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर, शाहगंज थाना प्रभारी और उनकी टीम को कार्रवाई के लिए भेजा गया।



एसपी के मुताबिक, जुआ संचालक पुलिस से बचने के लिए नदी किनारे दुर्गम जगहों पर अड्डे चलाते हैं। यहां नाव और ट्रैक्टर से पहुंचा जाता है। ऐसे स्थानों पर कार्रवाई के दौरान दुर्घटना और जनहानि का खतरा रहता है। इसी वजह से पुलिस ने गोताखोरों को भी साथ रखा था, ताकि नदी में किसी के डूबने पर उसे बचाया जा सके।

पुलिस ने जुआ गतिविधियों से जुड़े पलटा उर्फ वीरेंद्र, बुद्धा मीना, विनीत गोस्वामी और सतीश अहिरवार के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

यातायात बाधित करने और गंदगी फैलाने पर छह लोगों पर 3500 रुपए का जुर्माना

नर्मदापुरम। त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती आवाजाही के बीच यातायात सुचारु रखने और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगरपालिका की टीम कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रविवार को सड़क पर यातायात बाधित करने और गंदगी फैलाने वाले छह लोगों पर कार्रवाई करते हुए कुल 3500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। संबंधित लोगों को भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं करने की समझाइश भी दी गई। अतिक्रमण दल प्रभारी शेख सिकंदर ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में बाजार क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। रविवार को एनएमवी कॉलेज के सामने से लेकर हीरो होंडा शोरूम और सतरस्ते तक यातायात बाधित करने तथा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया सम्मान

स्वर्ण पदक विजेता विवेक सागर और आध्या तिवारी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला खेल खिलाड़ी संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य एवं नर्मदापुरम निवासी विवेक सागर तथा सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ी आध्या तिवारी को सम्मानित किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने दोनों खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिले के अन्य प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में किसी खिलाड़ी का भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना किसी पदक से कम नहीं है। एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के साथ स्वर्ण पदक जीतना गौरव की बात है। उन्होंने विवेक सागर और आध्या तिवारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए परिश्रम, लगन और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। लक्ष्य के प्रति समर्पण और कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करने की क्षमता ही व्यक्ति को सफलता तक पहुंचाती है।

महाराज अग्रसेन की शोभायात्रा निकली, हुआ स्वागत

इटारसी। अग्रसेन जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर तरुण अग्रवाल मंडल के तत्वावधान में भगवान अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अग्रवाल भवन से प्रारंभ होकर 11वीं लाइन, सराफा बाजार और जयस्तंभ चौक होते हुए वापस अग्रवाल भवन पहुंची। मार्ग में जगह-जगह सामाजिक बंधुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया। शोभायात्रा में समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक मारवाड़ी वेशभूषा में शामिल हुए। भगवान अग्रसेन को पालकी में नगर भ्रमण कराया गया, वहीं 18 घोड़ों पर अग्र कुल के 18 गोत्रों के प्रतीक स्वरूप बच्चे आगे-आगे चल रहे थे। इस दौरान महाराज अग्रसेन और कुलदेवी माता महालक्ष्मी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। जयस्तंभ चौक पर समाजजनों ने विशेष स्वागत किया। आठ दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन सुबह समाज की बैठक, शाम को शोभायात्रा और रात्रि में मुख्य समारोह के साथ पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर तरुण अग्रवाल मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल बहुरानी मंडल, अग्रवाल युवक दल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों को वितरित किए टी-शर्ट एवं लोअर

बैतूल। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने तथा उनमें अनुशासन, समानता और एकरूपता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पुलिस लाइन बैतूल में शिक्षा संजीवनी अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई। संस्था प्रमुख एवं प्रधान पाठक श्रीमती आशा नायक द्वारा सभी विद्यार्थियों को टी-शर्ट एवं लोअर वितरित किए गए। साथ ही विद्यार्थियों को प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को इन परिधानों को पहनकर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, मनीष मिसर, जिला शिक्षा अधिकारी पूनम वरकड़े, संकुल प्राचार्य एल.एल. लिल्लौरे, बीआरसी कन्या गंज के जनशिक्षक राजेश महोते एवं रवि अतुलकर, विद्यालय स्टाफ शारदा सोनी, अनीशा खान, स्नेहलता यादव, अर्चना देशमुख, माया आठनेरे एवं आशा सरनेकर उपस्थित रही।

परशुराम चौक पर चौथे दिन भी 75 कदम की धरती सेवा



बैतूल। 75 कदम एवं वृंदा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन बैतूल द्वारा परशुराम चौक पर लगातार चौथे दिन सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के 10वें दिन सागौन वन से आकाशवाणी चौक मेन रोड तक लगभग 383 किलो पन्नियां, प्लास्टिक, चाट डिस्पोजल और अन्य कचरा एकत्र कर नगर पालिका को सौंपा गया। अभियान में करजगांव बैतूल के जयनारायण बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान समाजसेविका हेमलता पाटणकर, दीपक आंबेकर शास्त्री, योगेश दुवारे, नरेंद्र पंवार, उमेश पंवार, रमेश भाटिया, नारायण मिश्रा, नारायण चढ़ोकार, नवलसिंह ठाकुर, हेमन्त चंद्र, बबलू दुबे, राधेलाल बनखेड़े, अज़ीज़ खान, नागेन्द्र सरनकर, पिंकी भाटिया, सत्येंद्र नागले, दीपक नामदेव, शंकर चावरिया, इंदी वालिया, नीलम दुबे, अनिल दुबे, बाला यादव, राहुल सिंह ठाकुर, संतोष वाघमारे और नईम मामू सहित अन्य साथी मौजूद रहे। समिति ने सार्वजनिक स्थानों पर पन्नियां और प्लास्टिक कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही सब्जी और फल विक्रेताओं सहित नागरिकों से पन्नियों का उपयोग कम करने और उन्हें खुले में नहीं फेंकने की अपील की। अभियान के 11वें दिन 12 अक्टूबर को सुबह 8 से 9 बजे तक परशुराम चौक पर फिर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

बैतूल। आगामी धार्मिक एवं सामाजिक पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने जनहित एवं लोक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिला बैतूल की संपूर्ण राजस्व सीमा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में आयोजित धार्मिक, सामाजिक एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में डीजे, लाउडस्पीकर, बैंड तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सक्षम प्राधिकारी की अनुमति एवं लागू विधिक प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदार/सक्षम कार्यपालिक मजिस्ट्रेट लागू विधिक प्रावधानों के अधीन अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत रहेंगे।

पटवारियों के विरोध से अटकी स्वामित्व योजना, हितग्राहियों की टूट रही आस

1.52 लाख हितग्राही, 1.15 लाख प्लॉट लेकिन अभी तक हुई सिर्फ 50 रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



प्रदेश सरकार की स्वामित्व अधिकार अभिलेख निपटान एवं पंजीयन योजना 2026, जिसका उद्देश्य ग्रामीण आबादी की जमीन पर वर्षों से काबिज परिवारों को मालिकाना हक देना है, यह योजना जिले में फिलहाल बहुत धीमी गति से चल रही है। इस योजना के तहत जिले में 1 लाख 15 हजार 424 प्लॉटों से जुड़े 1 लाख 52 हजार 822 हितग्राहियों को इसका लाभ मिलना है, लेकिन मिली जानकारी के मुताबिक 11 अक्टूबर तक बैतूल जिले में सिर्फ 50 रजिस्ट्री ही हो पाई हैं। इसकी मुख्य वजह रजिस्ट्री हेतु निष्पादक अधिकारी बनाए गए पटवारियों द्वारा इस कार्य से दूरी बना लेना है। इससे हितग्राहियों को योजना का समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। दरअसल सरकार की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान में योजना के तहत पात्र परिवारों की संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाना है, यानी जिन परिवारों के पास वर्षों से आबादी क्षेत्र में मकान या प्लॉट हैं, उन्हें सरकारी प्रक्रिया के जरिए संपत्ति का दस्तावेज उपलब्ध करवाया जाएगा। जिले में पटवारियों के विरोध के चलते सर्वे और अभिलेख तैयार होने के बाद अगला चरण अटक गया है। इसका सीधा असर उन परिवारों पर पड़ रहा है, जिन्हें पहली बार अपनी संपत्ति का वैध दस्तावेज मिलने की उम्मीद थी।

मैदानी स्तर पर प्रक्रिया शुरू नहीं: स्वामित्व योजना के तहत सरकार ने मालिकाना हक देने के लिए शुल्क माफ कर रास्ता आसान किया, लेकिन मैदानी स्तर पर प्रक्रिया शुरू नहीं होने से लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा हितग्राही अभी भी अपने मालिकाना हक के दस्तावेज का इंतजार कर रहे हैं। कुछ प्लॉट ऐसे भी हैं जिनकी जमीन पति-पत्नि या एक से अधिक भाईयों के नाम पर हैं। यही कारण है कि हितग्राहियों की संख्या बढ़कर 1 लाख, 52 हजार, 822 पर पहुंच गई है। इन सभी को निःशुल्क रजिस्ट्री करके दिया जाना है। राजस्व ग्रामों की आबादी की जमीन की यह रजिस्ट्री की जाना है, जिस पर हितग्राही काबिज है। यहां गौरतलब यह है कि खाली पड़ी जमीन की रजिस्ट्री नहीं की जा रही है, भले ही वह किसी के कब्जे में हो।

मुलताई में सबसे ज्यादा 30 हजार से अधिक हितग्राही...
जिले की 10 तहसीलों में मुलताई में सबसे ज्यादा 21,782 प्लॉट और 30,432 हितग्राही हैं। इसके बाद बैतूल में 15,683 प्लॉट और 21,432 हितग्राही, आमला में 15,561 प्लॉट और 20,663 हितग्राही तथा प्रभात पट्टन में 15,133 प्लॉट और 20,980 हितग्राही हैं। मैंसदेही में 15,360 प्लॉट से जुड़े 18,670 हितग्राही दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी क्षेत्र में रहने वाले परिवारों की संपत्तियों का सर्वे कर अधिकार अभिलेख तैयार किए जा चुके हैं। इसका उद्देश्य संपत्ति के मालिकों को ऐसा दस्तावेज उपलब्ध कराना है, जिससे वे संपत्ति पर वैध अधिकार साबित कर सकें। दस्तावेज मिलने के बाद संपत्ति का उपयोग बैंक से ऋण लेने समेत अन्य वैधानिक कार्यों में सरलता से किया जा सकेगा।

इनका कहना है...

जिले में इस योजना में पटवारियों द्वारा शनिवार को भी काम किया गया और रविवार को भी रजिस्ट्री का काम किया गया है। अभी तक बैतूल जिले में कुल 50 रजिस्ट्री हो भी चुकी हैं तथा अन्य और भी रजिस्ट्रियों के काम पटवारी लेवल पर पूर्णतः की ओर है। 10 अक्टूबर को शासन द्वारा आदेश जारी करके पटवारियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत न्यायिक संरक्षण दिया गया है, जिसके आधार पर अब पटवारी पर अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। और रही बात कुछ पटवारियों को निलंबित करने तथा बैतूल तहसील के सभी पटवारियों को नोटिस देने की, तो इस संबंध में संबंधित अधिकारी ही आपको सही जानकारी दे पाएंगे।

- ओआईसी इंचार्ज एवं डिप्टी कलेक्टर, बैतूल

पटवारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल की मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से मुलाकात में जिन दो बातों पर सहमति बनी थी, उनमें पहली प्रदेश के समस्त पटवारी पर हुई कार्यवाहियां वापस होगी, और दूसरी बात...पटवारियों को न्यायिक संरक्षण मिलेगा। जिसमें न्यायिक संरक्षण का आदेश तो जारी हो गया है किंतु पटवारियों पर की गई कार्यवाहियां, वापस होने का आदेश अभी तक जारी नहीं हुआ है। यह आदेश जारी होने एवं पटवारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधियों का निर्देश आने तक हड़ताल जारी रखी जाएगी।

- मोहनलाल धुर्वे, जिलाध्यक्ष, जिला पटवारी संघ बैतूल

नवजात बेटियों को भेंट किए चांदी के दुर्गा लॉकेट, माताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस और शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर संकुल केंद्र प्रभुढाना के शिक्षकों ने जिला चिकित्सालय में जन्मी 10 नवजात बेटियों को मां दुर्गा के स्वरूप वाले चांदी के लॉकेट भेंट किए। शिक्षक परिवार प्रभुढाना और ताप्ती आनंद क्लब की इस पहल में बेटियों की माताओं का सम्मान कर बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र बिहारिया और प्रीतमसिंह मरकाम ने बताया कि रविवार, 11 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरएमओ डॉ. रानू वर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विनोद पड़लक उपस्थित रहे।

चंचल पांसे और पूनम धोटे ने 'छोटी-सी प्यारी-सी आई कोई परी' गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। हरिशंकर धुर्वे, संतोष ओंकार, काल्यासिंह उईके, सुनील नागले, अशोक राठौड़, प्यारे लाल चौहान, प्रीतमसिंह मरकाम, शैलेंद्र बिहारिया, संतोष धुर्वे, हिमांशु सोनी और सागर बिनझाड़े ने बेटियों की माताओं का सम्मान कर उन्हें चांदी के लॉकेट भेंट किए। आयोजकों ने कहा कि बेटी के जन्म पर निराशा जताने और बेटे-बेटी में भेदभाव करने की सोच बदलना जरूरी है। बेटियों को शिक्षा, पोषण और अवसरों में समान अधिकार मिलना चाहिए। मां दुर्गा के स्वरूप वाला लॉकेट नारी शक्ति, समानता और बेटी के सम्मान का प्रतीक है। माताओं का सम्मान करना भी समाज की जिम्मेदारी है। नवरात्र के नौ दिनों में नौ सामाजिक सरोकारों पर काम करने का संकल्प लिया गया। इनमें लिंगभेद और बाल विवाह उन्मूलन, जल संरक्षण, पेड़ों को बचाना और पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान जागरूकता, स्वास्थ्य एवं पोषण, बेटियों की शिक्षा, नशामुक्त समाज, स्वच्छता तथा राष्ट्रसेवा और सामाजिक जिम्मेदारी शामिल हैं।

भैंसदेही-खामला मार्ग पर नाला निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

नगर परिषद ने काम रोकने के लिए एमपीआरडीसी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही



पूर्णा नगरी भैंसदेही में भैंसदेही-खामला मुख्य मार्ग पर वार्ड क्रमांक 3 में कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। नगर परिषद भैंसदेही ने इस मामले में मध्य प्रदेश सडक़ विकास निगम के महाप्रबंधक बैतूल को पत्र लिखकर निर्माण कार्य तत्काल बंद कराने तथा अब तक किए गए कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। नगर परिषद के पत्र के अनुसार, नाले का निर्माण निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं किए जाने की शिकायत मिली है। साथ ही, नाले की निर्मित दीवार और उस पर बना प्लेटफॉर्म पहले ही टूटकर गिर जाने की बात भी सामने आई है। नगर परिषद द्वारा 16 जून 2026 को जारी पत्र में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग से आवश्यक कार्रवाई करने और जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया है।

जनसुनवाई में मिली शिकायत के बाद नगर परिषद ने लिया संज्ञान

नगर परिषद भैंसदेही के पत्र क्रमांक 314/2026 के अनुसार, दिनांक 16 जून 2026 को आयोजित जनसुनवाई में नाला निर्माण कार्य को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में बताया गया कि वार्ड क्रमांक 3 में भैंसदेही-खामला मुख्य मार्ग के किनारे एमपीआरडीसी द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं होने की बात उठाई। इसके अलावा नाले की निर्मित दीवार एवं उस पर बनाए गए प्लेटफॉर्म के पूर्व में ही टूटकर गिर जाने का आरोप लगाया गया। शिकायत में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित विभाग से जांच और कार्रवाई की मांग की गई थी।

नगर परिषद अध्यक्ष ने भी लिखा था पत्र-नगर परिषद के पत्र में उल्लेख किया गया है कि निर्माण कार्य की स्थिति से नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा भी संबंधित विभाग को अवगत कराया गया था। पत्र के अनुसार, पूर्व में भी उक्त निर्माण कार्य को रोके जाने के लिए लिखा गया था। इसके बावजूद वर्तमान में निर्माण कार्य जारी रहने की बात सामने आई। नगर परिषद ने इस स्थिति पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बिना उपयुक्त मार्गदर्शन और निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन किए निर्माण किया जाना उचित नहीं है। हालांकि, निर्माण में अनियमितता की वास्तविक स्थिति तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

तत्काल काम बंद कराकर तकनीकी जांच कराने की मांग: नगर परिषद भैंसदेही के मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा जारी पत्र में एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नाला निर्माण कार्य तत्काल बंद कराया जाए। इसके साथ ही अब तक किए गए निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों के पालन की स्थिति सामने आ सके। पत्र में संबंधित विभाग से आवश्यक कार्रवाई कर जांच प्रतिवेदन नगर परिषद को भेजने का अनुरोध भी किया गया है, जिससे प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जा सके।

मूर्तिकारों से संवाद कर निर्माण कार्य की जानकारी ली, किया उत्साहवर्धन

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने दुर्गा प्रतिमा निर्माण स्थलों एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गत रात्रि शहर में दुर्गा प्रतिमा स्थापना के पूर्व रात्रिकालीन भ्रमण कर विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुर्गा प्रतिमा निर्माण स्थलों का जायजा लेने के साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन के संबंध में निर्धारित प्रतिबंधों के पालन की स्थिति का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने अभिनंदन सरोवर के पीछे स्थित मूर्ति निर्माण स्थल सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मूर्तिकारों से भेंट कर दुर्गा प्रतिमाओं के निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने मूर्तिकारों से संवाद करते हुए उनके कार्य की सराहना की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चक्कर रोड क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन के संबंध में निर्धारित प्रतिबंधों के पालन की स्थिति का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को दुर्गा उत्सव के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के निर्धारित मानकों एवं प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। इस दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, एसडीओपी सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जमीन विवाद में कुल्हाड़ी से हमले का आरोप, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर



ग्राम रामपुरमाल निवासी हजारी यादव ने जमीन विवाद में मारपीट और कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप लगाते हुए एसपी बैतूल को शिकायती आवेदन सौंपा है। उन्होंने कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के अनुसार, जमीन और ट्यूबवेल को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। हजारी यादव ने बताया कि उन्होंने 24 और 29 सितंबर 2026 को भी शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि 7 अक्टूबर 2026 को अनावेदकगण ने उनके और परिवार के साथ मारपीट की तथा उन पर कुल्हाड़ी से हमला किया। इसमें उनके सिर और आंख के पास चोटें आईं। उनका उपचार शाहपुर सरकारी चिकित्सालय में कराया गया।

मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज किया

हजारी यादव ने आरोप लगाया कि थाना शाहपुर पुलिस ने मामले में मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। उन्होंने सभी संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और प्रकरण में उचित धाराएं बढ़ाने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

प्रतिदिन शाम 7.30 बजे महाआरती, 18 अक्टूबर को हवन एवं 19 अक्टूबर को भंडारा

सनातन आस्था एवं भक्ति का केंद्र है बीजासनी मंदिर

535 अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ बीजासनी मंदिर में प्रारंभ हुआ नवरात्र महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में रविवार, 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ प्रारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन एवं घट स्थापना की गई।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा घी एवं तेल की 535 अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गईं। पूजन के दौरान मां भगवती के साथ ही गुरुजी एवं विभिन्न देवी-देवताओं का मंत्रोच्चार के स्थान आह्वान कर माता के चरणों में प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने नारियल की भेंट के साथ मनोकामना पूर्ति की अर्जी लगाई। आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में प्रतिदिन शाम 7:30 बजे महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण होगा। 18 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे दुर्गासप्तशती हवन, 19 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से भंडारा तथा 20 अक्टूबर को खेड़ी स्थित ताप्ती घाट पर घट विसर्जन होगा। मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजनों में सहभागी बनने की अपील की है।

घटस्थापना के साथ नवरात्रि पर्व की शुरुआत

मां भगवती की आराधना का उत्सव 11 अक्टूबर से शुरू

देर शाम तक चला प्रतिमाओं के स्थापना का दौर, जल चढ़ाने मंदिरों में भी लगी रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



शारदीय नवरात्र के साथ ही मां भगवती की आराधना का उत्सव भी 11 अक्टूबर से शुरू हो गया। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी। रविवार को शहर के लगभग एक सैकडा से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। बैंड बाजे और जय माता दी के जयकारों के साथ श्रद्धालु प्रतिमाओं को पंडाल तक लेकर पहुंचे। गंज क्षेत्र, कॉलेज चौक, टिकारी, कालापाठा सहित अन्य स्थानों पर झांकियां भी बनाई गई। मंदिरों में भी घट स्थापना और अखंड दीप जलाकर जवारे बोए गये। नवरात्र के पहले दिन शहर का हर कोना मातारानी के जयकारों की गुंज गुंजायमान हो उठा। अब नौ दिनों तक श्रद्धालुओं द्वारा अपनी-अपनी शक्ति के अनुसार माता की भक्ति की जाएगी।

बाजार में चहल-पहल, देर शाम तक हुई स्थापना - नवरात्र के दिन बाजार में चहल-पहल देखने को मिली। मातारानी के श्रृंगार की सामग्री, घट स्थापना के लिए सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। कोठी बाजार और गंज क्षेत्र में सबसे ज्यादा भीड मिली। पंडालों को सजाने के लिए बाजार में सजावटी सामग्रियों की दुकानें पहले से ही सज गई थीं। नवरात्र को लेकर कई जगह आकर्षक झाकियां बनाई भी गई है, वहीं पंडालों को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया है। रास्ते में दूर-दूर तक लाइटिंग लगाई गई। प्रतिमा ले जाने को लेकर कोठी बाजार पेट्रोल पंप के पास काफी भीड लगी रहीं। भीड होने से यातायात भी प्रभावित होते रहा। सुबह से लेकर शाम तक प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला जारी रहा।

घट स्थापना के साथ आराधना का पर्व शुरू- मातारानी के नवरात्र पर्व प्रारंभ होने के पहले ही दिन से मातारानी की आराधना भक्तों द्वारा शुरू कर दी गई है। भक्ति का यह सिलसिला पूरे नौ दिनों तक जारी रहेगा। हर श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार मातारानी को प्रसन्न करने के लिए भक्ति में लीन हो गया है। कई भक्त ऐसे भी है जो नौ दिनों तक जुते-चप्पल नहीं पहनते, तो कई दोनों समय का उपवास कर भक्ति करेंगे। मातारानी के नवरात्रि पर्व की शुरूआत के साथ ही भजन-कीर्तन एवं जस का क्रम भी शुरू हो गया है।

शारदीय नवरात्रि पर भैंसदेही के स्वयंभू माँ दुर्गा मंदिर में 9 दिन होगी आराधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व नजदीक आते ही पूर्णा नगरी भैंसदेही के प्रसिद्ध स्वयंभू माँ दुर्गा मंदिर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस वर्ष भी जगत जननी माँ दुर्गा की 9 दिनों तक विशेष आराधना की जाएगी। मंदिर संस्थान द्वारा माँ का प्रतिदिन विशेष, आकर्षक और मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। मान्यता है कि भैंसदेही की यह दुर्गा माता स्वयंभू हैं। इन्हें किसी ने स्थापित नहीं किया, बल्कि वे स्वयं इस स्थान पर प्रकट हुई हैं। इसी स्थान पर माता की उत्पत्ति हुई है, इसलिए इस मंदिर का महत्व और भी अधिक है। दूर-दूर से भक्त यहाँ अपनी मनोकामना लेकर आते हैं और माता सभी की मनोकामना पूरी करती हैं। मंदिर समिति के अनुसार नवरात्रि के 9 दिनों तक सुबह-शाम विशेष आरती, हवन-पूजन और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। भक्त माता के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करेंगे। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में विशेष सजावट और रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है।

खबर संक्षेप

तीन दिवसीय नवरात्रि गरबा महोत्सव कल से

सोहागपुर। नगर के देनवा गार्डन में नवरात्रि पर्व दौरान तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 13 अक्टूबर से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष के अंतराल के बाद यह आयोजन पुनः शुरू किया जा रहा है। आयोजन मंडल के संयोजक अभय खंडेलवाल ने बताया कि देनवा गार्डन में 13, 14 एवं 15 अक्टूबर 2026 को पारिवारिक सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन के रूप में नवरात्रि गरबा महोत्सव किया जा रहा है। जिसमें बिना पास के प्रवेश वर्जित रहेगा। यह आयोजन महिलाओं, बालिकाओं, युवतियों एवं दंपत्तियों के लिए है। लेकिन प्रत्येक श्रेणी को बिना पास के प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। अभय खंडेलवाल ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि गरबा महोत्सव के शुरू होने की सूचना मिलने से क्षेत्रीय महिलाओं, युवतियों एवं बालिकाओं में अत्यंत हर्ष है। क्योंकि पूर्व में लगातार चार से पांच वर्षों तक यह आयोजन किया गया था। जिसमें महिलाओं वर्ग के लिए अनुशासित तथा सुरक्षित वातावरण के चलते आयोजन लोगों की पसंद एवं जनचर्चा का विषय बना रहा। अभय खंडेलवाल ने बताया कि समापन दिवस पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

कांग्रेस ने दिवंगत नेताओं को दी श्रद्धांजलि

पिपरिया। अखिल भारतीय कांग्रेस



कमेटी के द्वारा विगत दिनों कांग्रेस कमेटी के कर्मठ सदस्य चंद्र कान्त व्यास एवं मदनलाल साहु बनखेड़ी के आकस्मिक निधन हो गया था। जिनकी आत्मा की शांति के लिए नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने नगर कांग्रेस के बैनर तले दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम कि अध्यक्षता सीमा कटकवार ने की तथा मंच संचालन फ़हीम अब्दुल्ला ने किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने दोनों कार्यकर्ताओं का निधन कांग्रेस कमेटी को अपूर्णीय क्षति बताया गया। इस अवसर पर उपब्लाक अध्यक्ष मटकुली सहित हरीश बेमन शिवशंकर दुबे कमलेश साहु चिंकू अरूण ठाकुर राघवेन्द्र सिंह अनिल वर्मा शिबू पटेल श्याम बाजरे राधेश्याम ठाकरे सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

मां दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान का शुभारंभ

सोनकच्छ। प्रातः स्मरणीय वंदनीय अवधूत वेदांत केसरी ब्रह्मलीन स्वामी श्री 1008 प्रकाशानंद महाराज की तपोभूमि एवं अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। मुख्य यजमान कैलाश चंद परमार ने पूजन-अर्चन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया। पंडित राजेंद्र कुमार व्यास ने वैदिक विधि-विधान से पूजा संपन्न करवाई।

श्री रामलीला मंचन में विधायक ने किया श्रीगणेश पूजन, लगाए जय श्रीराम के नारे, श्रीराम जन्म की लीला का प्रभावी मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



स्थानीय गांधी चौक स्थित रामलीला मंच पर प्रति रात श्री रामलीला का मंचन जारी है। जिसमें शनिवार रात लंकापति रावण द्वारा भगवान भोलेनाथ को तपस्या से प्रसन्न करने एवं वर मांगने की लीला प्रस्तुत की गई। इस दौरान सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह उपस्थित हुए।

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि विधायक विजयपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत भेंट में कहा कि श्री रामलीला के परंपरानुसार मंचन के लिए क्षेत्रवासियों का सक्रिय योगदान आवश्यक है। भविष्य में समिति को सभी वांछित सहयोग का विधायक ने वचन दिया।

वहीं श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर ने विधायक विजयपाल सिंह का आभार जताया कि उन्होंने विधायक निधि से मंच का निर्माण कराया व छह अक्टूबर 2026 को जनप्रतिनिधियों से लोकार्पण कराया। इस दौरान नप अध्यक्ष लता पटेल, भाजपा नेत्री पुष्पा वर्मा, पार्षद अमृता चौरसिया, संध्या नागवंशी, समाजसेवी कृष्णा पालीवाल, अभय खंडेलवाल, जेपी माहेश्वरी, दशरथ रघुवंशी, जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन, संजय खंडेलवाल, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, मंचन सहयोगी मधोच अग्रवाल, जीवन दुबे, नीलेश खंडेलवाल, भगवान सिंह पटेल, शिवकुमार पटेल, रीतेंद्र राजपूत, शरद चौरसिया, प्रशांत रानू सोनी, आनंद साहू, प्रशांत मालवीय, संजय मालवीय, पार्षद रवि उईके, नीरज यादव उपस्थित थे।

हुआ राम जन्म

श्रीराम नाट्य समिति अध्यक्ष अनिल जैन व सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि शनिवार रात रावण द्वारा घोर तपस्या से ईश्वर को प्रसन्न कर वरदान लेने के लीलाओं का मंचन किया गया। इसके बाद रावण द्वारा धार्मिक प्रकृति के लोगों पर अत्यंत अत्याचार के प्रसंग मंचन में प्रस्तुत किए गए। वहीं रावण की अत्याचार से पीड़ित जन समुदाय द्वारा श्री हरि विष्णु की शरण में जाने एवं तत्पश्चात श्रीराम जन्म लीला का मंचन किया गया। मंचन देखने बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे।

माता टेकरी पर आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, कलेक्टर और एसपी ने सपरिवार किए माता रानी के दर्शन

सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए प्रशासन ने किए व्यापक इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार को प्रसिद्ध माता टेकरी पर आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह की पहली किरण के साथ ही मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर परिसर माता के जयकारों और भजनों से गूंज उठा। देवास के साथ इंदौर और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। कतारों में खड़े श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ माता के दर्शन करते नजर आए।

कलेक्टर ने सपरिवार की पूजा-अर्चना

नवरात्रि के प्रथम दिवस कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सपत्नीक मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने टेकरी परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को दर्शन व्यवस्था सुगम बनाए रखने और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एसपी ने भी किए माता के दर्शन

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सपरिवार माता टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा की पूजा-अर्चना की तथा जिलेवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने पर्व की शुरुआत को विशेष बना दिया।

वॉलंटियर्स कर रहे श्रद्धालुओं की मदद

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र और मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के लिए



पुलिस बल तैनात है, वहीं 100 से अधिक वॉलंटियर्स श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर रहे हैं। मार्गों पर साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि दर्शनार्थियों को आवागमन में सुविधा मिले।

शहर के विभिन्न स्थानों पर विराजी मां दुर्गा की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद क्षेत्र की पुरानी बस्ती में खेड़ापति मंदिर में लगातार नवरात्रि प्रारंभ होते ही सुबह 4 बजे से जल चढ़ाने के लंबी-लंबी लाइनें लगी है। इसी तरह से विभिन्न ग्रामों में खेड़ापति मंदिर में चल चढ़ाने वाले नवरात्रि पर्व पर पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु पहुंचे।तो शहर में जगह-जगह लगभग 75 दुर्गा प्रतिमा स्थापित हो चुकीं हैं। पुरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। रेलवे फाटक पर महाकाली मंदिर में भी तांता लगा हु सभी है। कुछ घरों में घट ज्वारे अखंड दीपक जलाकर सेवा प्रारंभ कर दीं हैं। शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही देवी मंदिर में मां दुर्गा के 16 श्रंगार किया गया है।

नगर में मंगलवारा चौराहे पर दुर्गा मंदिर न्यास पचमढ़ी रोड नाके पर दुर्गा मंदिर तहसील कार्यालय के पास दुर्गा मंदिर रेलवे फाटक पर महाकाली मंदिर खेड़ापति मंदिर में भव्य श्रृंगार किया गया है। तथा अनेक प्रकार के अलग-अलग रूपों में प्रतिमाएं स्थापित की गई है। पुलिस प्रसाशन जनहित में सुरक्षा बलों की उपस्थिति रहेगी। बिजली की व्यवस्था भी रहेगी। श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न तरीकों की झांकियों के लिए हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि नवरात्रि में सभी पंडालों में नंबर दिए जाते हैं। तथा उसके बाद पंचमी से झांकियों को लेकर विषय समिति सदस्य चयनित करते हैं। झांकियों का विषय समिति को दिया जाता है। झांकियों का अवलोकन करने के लिए भी सदस्य तैयार किए जाते हैं। सभी विषयों पर प्रस्तुति देने के लिए दुर्गा समितियों को आग्रह किया जाता है।अंतमे शरद पूर्णिमा पर ईनाम घोषित किए जाते हैं।

मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बौद्ध का किया स्वागत

सोनकच्छ। गत दिवस दलित मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र बौद्ध उत्तर प्रदेश का अल्प समय के लिए सोनकच्छ नगर आगमन हुआ। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष इकबाल पठान, सैयद इकराम अली उत्तराखण्ड, राष्ट्रीय महासचिव नाजिम साबरी उत्तराखंड भी साथ थे। वे देवास से खांतेगांव जा रहे थे। उनका स्वागत किया गया।

विधायक ने कराया सुंदरकांड व भजन संध्या का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह द्वारा शनिवार शाम मुख्य बाजार स्थित दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन कराया गया।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि शाम लगभग छह बजे विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में श्री हनुमान जी महाराज दरबार कमानिया गेट के समीप भव्य सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायक शंकरलाल प्रजापति एवं समूह द्वारा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपाई कार्यकर्ता व भक्तजन उपस्थित रहे।

शरदोत्सव समिति सोहागपुर का रक्तदाता सम्मान समारोह 26 वें वर्ष में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर शरदोत्सव समिति द्वारा रक्तदाता सम्मान समारोह किया जाता है। पिछले 25 वर्षों से सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला जारी है। इस बार कड़ी का 26 वां आयोजन होगा।

इस बार के आयोजन के लिए शरदोत्सव समिति की वार्षिक प्रारंभिक बैठक गत दिवस गैलेक्सी होटल में की गई। बैठक में समिति संरक्षक समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया की अध्यक्षता में की गई। जिसमें समिति के सक्रिय साथी नारायण रघुवंशी को सर्व सम्मति से समिति का इस बार के आयोजन का अध्यक्ष चुना गया है। पूर्व अध्यक्ष रूपेश मेहरा ने माला पहनकर रघुवंशी का स्वागत किया। ढाई दशक पूर्व क्षेत्र के रक्तदाताओं एवं प्रतिभाओं का सम्मान करने के लिए समिति को अस्तित्व में लाने वाले संयोजक पवन सिंह चौहान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिभाओं, पूर्व एवं वर्तमान भारतीय सैनिकों, रक्तदाताओं का सम्मान किया जाएगा। इस वर्ष नई उत्साह के साथ कार्यक्रम किया जाएगा। समिति संरक्षक हरगोविंद पुर्विया ने नए अध्यक्ष को बधाई दी तथा आगामी कार्यक्रम के लिए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

ये रहे उपस्थित

बैठक में रामबाबू सराठे, देवेंद्र कुशवाहा, विमल पटेल, संदीप साहू, अजय सतूनिया, ब्रजेश साहू, सुनील रघुवंशी, प्रदीप भावसार, चंदू रघुवंशी, रूपेश मेहरा, प्रदीप देवलिया, आलोक गुप्ता, पवन रघुवंशी, मनोज कुशवाहा, शुभम ठाकुर, अमन साहू, आरिफ खान व अन्य साथी उपस्थित रहे। सदस्यों ने समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष नारायण रघुवंशी को बधाई देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस वर्ष का कार्यक्रम लोगों को उत्साह देते हुए अलग ही अंदाज में किया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान में पाठ्यक्रम सामग्री वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पाठ्यक्रम सामग्री वितरित की गई।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी पवन वालिया जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल गोपाल दास दुदानी संजीव मालानी वी आर सी प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। लगभग 100छात्र छात्राओं को पाठ्यक्रम सामग्री वितरितकी गई थी।याद रहे सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद स्थापित करने हेतु भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

नीमनमूड़ा मार्ग पर हुए गड्ढे, परेशान नागरिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ग्राम कलमेसरा से नीमनमूड़ा की डामर रोड की स्थिति बहुत खराब है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े गड्ढे हैं तथा आसपास घनी झाड़ियां ऊगी हुई हैं। मोड़ पर सामने से आते वाहन दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाएं होती हैं। ग्रामीणों ने गड्ढों के पुराव एवं झाड़यिों की छटाई की मांग प्रशासन से की है।

मुख्यमंत्री ने बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संबोधित

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 किसान सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण, देवास में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' एवं जिला स्तरीय किसान मेले का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त प्रदेशवासियों एवं अन्नदाताओं को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के जयकारे के साथ शुरुआत करते हुए कहा कि दो माताओं का वास, यही है देवास है। राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण उत्थान के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

देवास के किसानों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के अन्नदाता उन्नत तकनीकों और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट नवाचार कर रहे हैं, जिससे देवास पूरे प्रदेश में किसानी का एक आदर्श मॉडल बनकर उभर रहा है। विधायक गायत्री राजे पवार ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों और देवास मंडी व्यवस्था को अभूतपूर्व संबल प्रदान किया है। खेतों तक नर्मदा का जल पहुंचाने और अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा देने से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 प्रगतिशील किसानों को मंच से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले कृषकों में आधुनिक खेती के लिए देवास के धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, उन्नत पशुपालन के लिए दौलत यादव, प्राकृतिक खेती के लिए पवित्रा नागर तथा फसल विविधीकरण के लिए ग्राम मेंडकी धाकड़ के जगदीश नागर शामिल हैं।

इसी क्रम में उद्यानिकी फसल (शेडनेट एवं पॉलीहाउस) हेतु सोनकच्छ के नारायण सिंह सेंधव, एफपीओ मार्केटिंग के लिए लक्ष्मीनारायण, प्राकृतिक खेती के लिए टोंकखुर्द की संगीता कुशवाह, खातेगांव की चिंताबाई कुमरे एवं बागली के बांकेसिंह कर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कन्नौद विकासखण्ड के ग्राम खेरखेड़ा से प्राकृतिक खेती के सफल क्रियान्वयन एवं प्रसार के लिए ज्योति राव तथा रामभरोसे बैरागी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, डॉ. रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, एडीएम शोभाराम सोलंकी, संयुक्त संचालक कृषि आरपीएस नायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

गायत्री प्रज्ञा पीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गायत्री महायज्ञ शुरू

सोनकच्छ। अखिल विश्व गायत्री परिवार के सोनकच्छ स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर परिसर में रविवार को शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना एवं पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। सुबह 6 बजे कलश स्थापना कर पूजन एवं जप संकल्प लिया गया। इसके बाद सुबह 8 बजे एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ, जिसकी पूर्णाहुति महानवमी के दिन होगी।यज्ञ के मुख्य यजमान संदीप (नीलू) मेहता एवं उनका परिवार रहा। इस दौरान जयंत-मोनिका, नलिन-गरिमा, शारदा देवी, माया मेहता एवं ऋतु मेहता सहित परिवार के सदस्यों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। गायत्री परिवार के सौभाग सिंह ठाकुर एवं रमेशचंद्र मेहता ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से यज्ञ होगा। साथ ही विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। प्रसाद वितरण किया जाएगा।

खबर संक्षेप



आज जिले के प्रवास पर होंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

खरगोन। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का पदभार संभालने के बाद रविवार को जिले का पहला दौरा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में शहर भर में 30 से अधिक स्वागत मंच लगाए जाएंगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जुलवानिया, सेगांव, ऊन होते हुए सड़क मार्ग से दोपहर करीब 1 बजे शहर सीमा में प्रवेश करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सनावद रोड़ स्थित नक्षत्र मैरेज गार्डन में जिला कार्यकारिणी एवं कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इस बैठक की तैयारियों को लेकर शनिवार को भाजपा निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे और विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। यहां पदाधिकारियों ने बैठक व्यवस्था के साथ ही मंच व्यवस्था का जायजा लिया।

हथिया अष्टमी से शुरू हुआ अबोला व्रत संपन्न

हरदा। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी यानी हथिया अष्टमी से शुरू हुआ नौ दिवसीय अबोला व्रत रविवार को आश्विन शुक्ल प्रतिपदा पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने चिचोट घाट पर नर्मदा नदी में जवारे विसर्जित किए। महिलाओं के मुताबिक, यह व्रत पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। इसमें महिलाएं नौ दिनों तक बिना बोले जवारे की पूजा-अर्चना करती हैं। समूह बनाकर बोए जाते हैं जवारे शहर की मेजर जोशी कॉलोनी निवासी रागिनी गौर ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में अबोला व्रत की शुरुआत होती है। इसमें महिलाएं समूह बनाकर किसी एक महिला के घर जवारे बोती हैं। नौ दिनों तक इनकी नियमित पूजा-अर्चना की जाती है। व्रत के दौरान महिलाएं अबोला यानी बिना बोले रहकर पूजन करती हैं। शिव-पार्वती की आराधना से जुड़ी परंपरा कृतिका गौर, गायत्री गौर, क्षमा गौर, शशि तोमर और ऋतु तोमर ने बताया कि अबोला व्रत भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना से जुड़ा है। महिलाएं इस व्रत को पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना के साथ करती हैं। नर्मदा में श्रद्धापूर्वक किया जवारे विसर्जन नौ दिवसीय व्रत के समापन पर रविवार शाम महिलाओं ने चिचोट घाट पहुंचकर नर्मदा नदी के पवित्र जल में जवारे विसर्जित किए। इसके साथ ही अबोला व्रत की परंपरागत पूजा-अर्चना संपन्न हुई।

मारुगढ़ में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक मां भगवती मंदिर : 16वीं सदी में हुआ था निर्माण

तोमर वंश की कुलदेवी, शारदीय नवरात्रि में विशेष पूजा करते व बदलते हैं श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या।

समीपवर्ती ग्राम मारुगढ़ में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक मां भगवती मंदिर काफी प्रसिद्ध है। सोलहवीं सदी में राणा हामजी तोमर ने मंदिर का निर्माण कराया था,जिसमें कुलदेवी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। वहां 4 सितंबर 2004 से मां महाकाली पावागढ़ की अखंड ज्योति प्रज्वलित हो रही है। इस मंदिर का निर्माण 16 वीं सदी में (करीब 500 वर्ष पूर्व) मारूगढ़ स्टेट के राजा हामजी तोमर ने किया था। उनके वंशजों में राणा भानु प्रतापसिंह तोमर रतनपुर (झिरन्या) ने बताया कि उनके पूर्वज राणा हांजी तोमर जैतगढ़ स्टेट (भीकनगांव) के राजा और सुल्तान बाज बहादुर खान (मांडवगढ़) के सेनापति भी थे। लेकिन सुलतान और राणा के मध्य (सन-1555 से1562 तक) युद्ध हुआ। अंतत उन्हें उक्त राजधानी छोड़नी पड़ी और उन्होंने मारूगढ़ को नई राजधानी बनाया गया।



तोमर वंश को मिली थी जागीरदारी

होलकर स्टेट के अस्तित्व में आने पर इस रियासत का मारूगढ़ भी एक हिस्सा बना था और होलकर स्टेट ने तोमर वंश को भीकनगांव तहसील के 24 गांव और 4900 एकड़ भूमि एवं जंगल की जागीरदारी सौंपी थी। जिसके अंतिम जागीरदार जसवंतसिंह पिता शिवनाथसिंह तोमर को रहे थे राणा की पदवी देकर सम्मानित किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 1952 में जागीरदारी प्रथा समाप्त कर दी थी और उनके वंशजों में वीर बहादुरसिंह तोमर ने बताया कि उनके बाद स्व.राणा लोकेंद्रसिंह तोमर और वर्तमान में राणा भानुप्रतापसिंह तोमर राणा की पदवी से सुशोभित हैं।

तोमर वंश करते हैं विशेष पूजा

इस मंदिर में तोमर वंश परिवार के सदस्य शारदीय नवरात्रि में पंचमी पर मां भगवती विधि-विधान से विशेष पूजा करते हैं और श्रृंगार भी बदलते हैं। जबकि नवविवाहित दंपती वहां आशीर्वाद लेने आते हैं और पुत्र प्राप्ति पर मुंडन संस्कार की परंपरा अभी भी कायम है। उनके वंशजों में राणा भानुप्रताप सिंह तोमर ने बताया कि हमारे परिवार में उनके वंशज रतनपुर,मिटावल, आभापुरी, छेंडिया, बड़वाह और पुनासा में बसे हुए हैं।

नवरात्रि में उमड़ती है भीड़

शारदीय नवरात्रि में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और दूर दराज के लोग दर्शनार्थ आते हैं। पुजारी भवानी दसौंधी ने बताया कि श्रद्धालुगण यहां मन्नतें लेते हैं और नव विवाहित दम्पति आशीर्वाद लेने आते हैं। सरपंच राजू भार्वे के अनुसार इस पर्व पर मंदिर की आकर्षक साज-सज्जा करते हैं और ग्राम पंचायत भक्तों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराती है।

शहर में 50 से ज्यादा जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित



हरदा। जिले में रविवार से 9 दिवसीय नवरात्र महोत्सव शुरू हो गया है। शहर में 50 से ज्यादा जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। घरों और दुर्गा पंडालों में विधि-विधान से घट स्थापना की गई। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी। नवरात्रि के पहले दिन भक्त गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाएं पंडालों तक लेकर पहुंचे। डीजे पर बज रहे भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। मंदिरों, पंडालों और घरों में जवारे भी बोए गए। पंडित मुरलीधर व्यास के अनुसार, इस साल माता रानी हाथी पर सवार होकर आई हैं। इसे अच्छी फसल और सुख-समृद्धि का संकेत माना जाता है। अगले नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-आराधना और जवारे की सेवा की जाएगी। शहर में विभिन्न समितियों की ओर से गरबा आयोजन भी होंगे। शीतला माता मंदिर, खेतवाली माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

जन समस्याओं के त्वरित निराकरण जागरूकता पर रहा विशेष फोकस



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत जिला खरगोन के कसरावद में जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के दौरान थाना कसरावद पर कलेक्टर खरगोन गुरु प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के द्वारा आमजन से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया साथ ही समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली गई तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई ।

प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए । अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस-प्रशासन एवं आमजन के मध्य विश्वास, संवाद एवं सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करना तथा नागरिकों को सुगम, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन उपलब्ध कराना है । इसी उद्देश्य के तहत शिविर में सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई तथा उनके निराकरण की स्थिति का जायजा लिया गया । साथ ही विभिन्न वैधानिक प्रावधानों के पालन की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई ।

इस अभियान के अंतर्गत पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाते हुए आमजन को बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराना है । इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के द्वारा थाना कसरावद की कार्यप्रणाली, अनुशासन, स्वच्छता, अभिलेख संधारण एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया गया तथा पुलिस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसमें सुधार सुनिश्चित करने हेतु थाना कसरावद का आकस्मिक निरीक्षण भी किया । पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाने के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने, क्षेत्र में सतत भ्रमण एवं प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने तथा पुलिस के प्रति नागरिकों के विश्वास को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए । शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सशक्त वाहिनी कक्षाओं में खेल गतिविधियां आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सशक्त वाहिनी कक्षाओं में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैरम बोर्ड प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता, निबंध लेखन सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कैरम और शतरंज के माध्यम से बालिकाओं में एकाग्रता, धैर्य, तार्किक सोच और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया गया, वहीं निबंध लेखन के माध्यम से उन्हें बालिका शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

विश्व शांति और सर्वजीव कल्याण की भावना से आयोजन किया गया

16 दिवसीय श्री 1008 शांतिनाथ महामंडल विधान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विश्व शांति, सर्वजीव कल्याण और जन-जन के सुख-समृद्धि की मंगल कामना के साथ दिगंबर जैन समाज हरदा में रविवार को 16 दिवसीय श्री 1008 शांतिनाथ महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ। भगवान श्री शांतिनाथ की पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुरू हुए इस आयोजन में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की। विधान के दौरान धर्म, अहिंसा, करुणा और सभी जीवों के कल्याण की भावना के साथ विश्व में शांति स्थापित होने की मंगल कामना की गई। समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि आयोजन के शुभारंभ अवसर पर ध्वजारोहण का सौभाग्य हेमंत-माया जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं, विधान के प्रथम दिन के पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य सुशील-रानी रापरिया जैन परिवार को मिला। धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुए कार्यक्रम में समाजजनों ने पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ लिया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा।



16 दिन तक होंगे धार्मिक अनुष्ठान- श्री शांतिनाथ महामंडल विधान के अंतर्गत 16 दिन तक प्रतिदिन सुबह अभिषेक, शांतिधारा, जाप और विधान पूजा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। भगवान श्री शांतिनाथ की आराधना के माध्यम से विश्व में शांति, सभी प्राणियों के कल्याण और समाज में सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। जैन धर्म में अहिंसा, संयम और जीव मात्र के प्रति करुणा को विशेष महत्व दिया गया है। इसी भावना के साथ आयोजित इस विधान में समाज के धर्मावलंबी सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। आयोजन में समाजजनों की सहभागिता से धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

26 को होगा समापन

यह 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान 26 अक्टूबर तक चलेगा। समापन अवसर पर विश्व शांति महायज्ञ एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। जैन समाज ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और माताओं-बहनों से आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ लेने तथा विश्व शांति और सर्वजीव कल्याण की मंगल भावना में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

धूमधाम व उत्साह से मनाई भगवान अग्रसेन महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

टिमरनी में अग्रवाल समाज के युगपुरुष आराध्य भगवान कुल शिरोमणि अग्रसेन महाराज की जयंती सामाजिक बन्धुओ ने हर्षोल्लास के साथ मनाई। लगभग 1 हफ्ते तक सामाजिक बन्धुओ ने विभिन्न धार्मिक,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। रविवार को सभी सामाजिक बन्धुओ ने चांदी की पालकी में विराजित भगवान अग्रसेन जी की शोभयात्रा निकाली। सामाजिक लोगो ने पालकी शोभायात्रा का पूजन अर्चन किया।गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा का नगरपरिषद, वैश्य समाज,देवी मंडलो एवं राजनीतिक संघठनो ने स्वागत किया। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अग्रवाल भवन में सम्पन्न हुई।



कुकडोल में माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेगलेस डे मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

बैगलेस डे का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ अन्य दक्षताओं का उन्नयन करना होता है ,जिससे विद्यार्थियों के कौशल का विकास होता है। स्कूल प्राचार्य ललिता धुले, शिक्षक रामकृष्ण महाजन ,शिक्षिका माधुरी पांचाल, पूजा राठौर, राजेंद्र माहेश्वरी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने भोजन के मुख्य घटक जैसे कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, खनिज, वसा तथा जल को मूर्त रूप देकर समझाया। दूसरी और पौधों के विभिन्न भागों की जानकारी प्रदान की गई। जैसे गाजर, मूली, आलू, गन्ना, पत्ता, पालक, मेथी ,फूल गोभी, पत्ता गोभी, फलों में सेब, आम, टमाटरबीजों में गेहूं,मटर, चना आदि की जानकारी दी गई।



नवरात्रि की पूर्व संध्या पर लेखक संघ की काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नवरात्रि की पूर्व संध्या पर मध्य प्रदेश लेखक संघ इकाई हरदा की काव्य गोष्ठी का आयोजन इंदिरा महल होटल में किया गया। सर्वप्रथम लेखक संघ इकाई के संरक्षक प्रभु शंकर शुक्ल, अशोक नेगी लेखक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष मंसूर अली मंसूर एवं दुर्गेश नंदन शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। रतन सिंह सोलंकी ने सरस्वती वंदना हो रही भुवन भुवन जयकार शारदे मां की महिमा अपरंपार प्रस्तुत की।

कवि गोविंद हाशाणी ने- सारा जमाना रहे हमसे खफा हमको गम नहीं, पर तुम ही कहो बेवफा तो हम क्या करें, शायर मंसूर अली मंसूर ने- यह जो हंसी विशाल है और चांद रात है, कुछ तीरगी निढाल है और चांद रात है, कवि शिरीष अग्रवाल ने-पास बैठी हो तो मुस्कुराओ ना दिल की सारी बातें बताओ ना सुनाई। कवि रतन सोलंकी ने बड़ी



खूबसूरत एक आदत रही है शिकायत में उसकी हिदायत रही है, कवि जय कृष्ण चांडक ने - डर कैसा पर लगता है डरता हूं डर लगता है,कवि दुर्गेश नंदन शर्मा ने अपना स्वाभिमान बहुत था यह क्या काम था। कवि लोमेश गौर ने हास्य कविता सुनवाई के लिए पुरुष आयोग जरूरी है,कवि सावन सिटोके ने जनता करे कमाल, पूछती नहीं सवाल, पटरी बदलते हैं इनको संभालिए, संरक्षक अशोक नेगी ने ले लो भैया ले लो खिलौने भी ले लो, आपके बच्चे खेलेंगे तो मेरे बच्चे खा लेंगे,बड़ी मार्मिक कविता प्रस्तुत की। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक प्रभुशंकर शुक्ला ने संघ के आगामी वार्षिक उत्सव के लिए समिति के सभी सदस्यों को मिलजुल कर कार्य करने एवं वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन हेतु दिशा निर्देश दिए गोष्ठी का संचालन त्रिलोक शर्मा ने किया।

अपर कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

अस्पताल में व्यवस्थाओं में सुधार व मरीजों को सुविधाएं देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

अपर कलेक्टर रेखा राठौर ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों का अवलोकन कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजकुमारी देवड़ा, आरएमओ डॉ. धीरेन्द्र सोनी एवं सहायक प्रबंधक श्री अजमेर सिंह ओहरिया उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। जिन कर्मचारियों के हस्ताक्षर दर्ज नहीं थे, उनके संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

दवा स्टोर एवं हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश- अपर कलेक्टर राठौर ने अस्पताल के आधार सेवा केंद्र का निरीक्षण कर हितग्राहियों से शुल्क की जानकारी ली। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही शुल्क लेने तथा निर्धारित शुल्क की सूची हिंदी में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। दवा स्टोर के निरीक्षण के दौरान यूपीटी किट उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलने पर स्टेट लेवल से मांग कर शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही निकट एक्सपायरी वाली दवाओं का प्राथमिकता से उपयोग सुनिश्चित करने, भर्ती मरीजों को आवश्यकतानुसार नई बेडशीट उपलब्ध कराने तथा खराब फ्रिज को जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए। हेल्प डेस्क के निरीक्षण में कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जानकारी लेने पर बताया गया कि हेल्प डेस्क के कर्मचारियों को मेडिकोलीगल एवं पोस्टमार्टम संबंधी कार्यों में लगाया गया था। हेल्प डेस्क क्षेत्र में गंदगी मिलने पर सफाई सुपरवाइजर को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए।



ओपीडी में रोशनी, पंखे एवं स्वच्छता पर जोर- अपर कलेक्टर राठौर ने ओपीडी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए कम रोशनी की समस्या को दूर करने के लिए नई ट्यूबलाइट एवं पंखे लगाने के निर्देश दिए। इस संबंध में विद्युत शाखा प्रभारी एवं ठेकेदार को पत्र जारी किया गया। मेडिसिन, डेंटल, सर्जरी, ईएनटी एवं आर्थोपेडिक ओपीडी का भी निरीक्षण किया गया। सर्जरी ओपीडी में चिकित्सक अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए। उन्होंने सोनोग्राफी एवं डिजिटल एक्स-रे इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सत्यम तारे ने नई डीआर मशीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ओपीडी क्षेत्र के वॉशरूम की दिन में तीन से चार बार सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए।

आयुष्मान कार्ड एवं मरीजों की सुविधाओं की समीक्षा- आयुष्मान कक्ष में हितग्राहियों से कार्ड बनवाने में आने वाली समस्याओं की जानकारी ली गई। अपर कलेक्टर ने सभी पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। आयुष्मान योजना से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का उपयोग अस्पताल के निर्माण एवं मरीजों के हित में करने के संबंध में रोगी कल्याण समिति की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, मरीजों के परिजनों के भोजन के लिए निर्मित गार्डन का निरीक्षण कर अतिरिक्त डस्टबिन रखने एवं गार्डन को सुंदर बनाने के लिए नए पौधे लगाने के निर्देश दिए गए। आर्थोपेडिक एवं वृद्धजन वार्ड में भर्ती मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर राठौर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।